नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने गांधी जयंती सप्ताह मनाकर दी महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि

गांधी जी की 153वीं जयंती एवं आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. एस.पी. तिवारी जी के कुशल मार्गदर्शन एवं डॉ. आर.के. शर्मा अधिष्ठाता वेटेरेनरी कॉलेज जबलपुर की अध्यक्षता में कई गतिविधियां आयोजित की गई। कॉलेज सभागार में 'एन.एस.एस.' के स्वयंसेवकों का ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ देवेंद्र गुप्ता एवं देवांशु गौतम ने राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों द्वारा सामाजिक उत्थान के लिए क्रियाकलापों, नैतिक जिम्मेदारियों और कर्तव्यों के बारे में जानकारी दी तथा डॉ. अनिल अरोरा ने सिकल सेल एनीमिया के बारे में जानकारी साझा की, डॉ. ए.के. मराठे ने स्वयंसेवकों से सभी क्रियाकलापों में संलग्न रहने का आवाहन किया।

इसी कड़ी में गुरुवार को समस्त अध्यापकों एवं छात्रा– छात्राओं ने मिलकर पूरे कॉलेज परिसर की साफ–सफाई की और इसे हमेशा स्वच्छ रखने का प्रण लिया। शुक्रवार को विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया जिसमें महात्मा गांधी जी के जीवन और संघर्ष पर आधारित प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम वर्ष (बी.व्ही.एस.सी. एण्ड ए.एच.) की छात्रा साधना वर्मा एवं अंजलि वैद्य ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। गांधी जी के जीवन पर आधारित तात्कालिक भाषण प्रतियोगिता में द्वितीय वर्ष के छात्र मृगेंद्र सिंह ने प्रथम स्थान एवं धर्मेश गोस्वामी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। **"गांधीवादी विचार एवं विचारों की 21वीं सदी में प्रासंगिकता"** पर आधारित भाषण प्रतियोगिता में चतुर्थ वर्ष के छात्र धर्मेश गोस्वामी ने प्रथम स्थान, प्रथम वर्षीय छात्रा मुस्कान अली ने द्वितीय स्थान एवं तृतीय स्थान पर मृगेंद्र सिंह व हिमांशु बारपेटे रहे। कार्यक्रम के समापन में अधिष्ठाता डॉ आर.के. शर्मा ने सभी प्रतिभागियों एवं छात्रों का उत्साहवर्धन किया। डॉ. राखी वैस, डॉ. शोभा जवारे, डॉ.यामिनी वर्मा एवं डॉ. एस.एन. त्रिपाठी निर्णायक मंडल में रहे। इन सभी कार्यक्रमों को 'एन.एस.एस. के समन्वय अधिकारी डॉ. हरि आर. एवं डॉ. अनिल गट्टानी' ने सुचारू रूप से आयोजित कराया।

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि.,जबलपुर